**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 दिसंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)**

- एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये गए।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्राकृति का संरक्षण व संवर्धन हर मनुष्य का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हस्तशिल्पियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कि एक राष्ट्र एक चुनाव से पैसो और समय दोनों की बचत होगी।

***************************************************************************

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये गए। केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान (129वां) संशोधन विधेयक-2024 और केन्द्रशासित प्रदेश विधि (संशोधन) विधेयक-2024 सदन के पटल पर रखे।श्री मेघवाल ने विपक्षी दलों के आरोपों का खंडन किया और कहा कि ये विधेयक संविधान की मूल संरचना के खिलाफ नहीं है।

***************************************************************************

केंद्र सरकार ने 'ई-एनडब्ल्यूआर आधारित गिरवी वित्तपोषण के लिए क्रेडिट गारंटी योजना' शुरू की है।कल शुरू हुई इस योजना के तहत, किसान अब अपनी उपज के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकेंगे। भांडारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण के साथ पंजीकृत गोदामों में अपनी उपज जमा करने के बाद, उन्हें एक इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद जारी की जाएगी। किसान, किसान उत्पादक संगठन, कृषि सहकारी समितियाँ और सूक्ष्म,लघु एवं ममौले उद्यम इस योजना का लाभ ले सकेंगे।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन हर मनुष्य का कर्तव्य है। आज जंगलों की कटाई के कारण पशु व पक्षियों के आश्रय की कमी होती जा रही है। ऐसे में हर नागरिक को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए और प्राकृतिक संरक्षण में सहयोग करना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति में गगन, जल व थल पर निवास करने वाले हर जीव का अपना महत्व है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अनेक विलुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण के लिए पहल की है। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार ने भी विलुप्त हो रही गिद्धों की प्रजातियों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया है। इसके लिए पिंजौर में जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र की स्थापना की गई थी। आज इस केंद्र में गिद्धों की संख्या 378 है।

मुख्यमंत्री आज जिला पंचकूला के पिंजौर स्थित बीड शिकारगाह वन्य जीव अभ्यारण्य के पास जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र में 25 गिद्धों को खुले आकाश में छोड़ने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह, कालका की विधायिका श्रीमती शक्ति रानी शर्मा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र के किशोर रीठे व उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की और उन्हें गौरैया चिड़िया के संरक्षण के लिए भी कार्य करने को कहा। इसके लिए सरकार की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोमवार को ही माता मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में पक्षी निवास का उद्घाटन किया।इस अवसर पर पिंजौर गिद्ध सुरक्षित क्षेत्र तथा जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।

*************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना में हस्तशिल्पियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।श्री दत्तात्रेय आज चंडीगढ़ के किसान भवन में ग्राम श्री संस्था की शाखा क्राफ्ट रूट्स द्वारा पहली बार आयोजित पांच दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद हस्तशिल्पियों और प्रदर्शनी देखने आए लोगों को संबोधित कर रहे थे।क्राफ्ट रूट्स ने इस प्रदर्शनी में भारत के 13 प्रदेशों के लगभग 75 कारीगरों ने 70 से अधिक हस्तकलाओं को प्रदर्शित किया है श्री बंडारू दत्तात्रेय कहा कि केंद्र सरकार ने पी एम विश्वकर्मा योजना शुरू की है, जिसके तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके पारंपरिक उत्पादों और सेवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। राज्यपाल ने कहा कि कारीगरों के कौशल को निखारने के लिए कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित आज लोकसभा में पेश किये गए दो विधेयकों को सरकार का ऐतिहासिक फैसला बताया है।
मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि ये विधेयक संविधान की मूल संरचना के अनुरूप है।

*************************************************************************

लोगों को स्वच्छ पर्यावरण और साफ हवा सुलभ हो सके इसके लिए भिवानी के हेड कांस्टेबल लोकराम नेहरा और उनकी धर्मपत्नी सहायक पुलिस नीरीक्षक कांता नेहरा भागीरथ प्रयास कर रहे हैं। पुलिस की नौकरी के साथ साथ वर्ष 2012 से ही पर्यावरण प्रहरी के रूप में भी कार्य कर रहे इस दंपति द्वारा हर महीने अपने वेतन का करीब 10 प्रतिशत पर्यावरण के लिए खर्च किया जाता है। दोनों ने अब तक 15 हजार से ज्यादा पौधे लगाए हैं।

हेड कांस्टेबल लोकराम नहर ने आकाशवाणी समाचार को बताया -

श्रीमति कांता नेहरा ने बताया कि वह अपने जीवन साथी के पर्यावरण के प्रति प्रेम और समर्पण को देख कर पौधरोपण  के लिए प्रेरित हुई।

इस दंपति ने शामलात भूमि पर चार ऑक्सीवन भी तैयार किए हैं।  पर्यावरण संरक्षण के उनके इस अभियान में अब 50 पुलिसकर्मियों के साथ 300 से ज्यादा युवा एवं कई संस्थाएं जुड़ चुकी हैं।

**********************************************************************

हिसार जिला के गांव कलवास निवासी ब्लेड रनर दिलबाग सिंह ने थाईलैंड में संपन्न हुई वर्ल्ड एबिलिटी स्पोर्ट्स यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल किया है।उन्होंने सौ मीटर दौड़ को पूरा करने में 17.57 सैकेंड का समय लिया। पैरा एथलीट दिलबाग  ने आकाशवाणी समाचार को बताया-